11 April-JANJ-bhoomi PG-01_Layout 1 4/11/2025 10:02 PM Page 1

हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, शनिवार, 12 अप्रैल 2025
अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

तापमान
अधिकतम 38.0 डिग्री
न्यूनतम 24. 0 डिग्री

2 पॉवर हाउस रोड में यातायात नियमों का नहीं हो रहा है पालन, खुलेआम दौड़ रही हैं बसें




## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में भर्ती के लिए कौशल परीक्षा 16 को

**जांजगीर-चांपा।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत विभिन्न संविदा पदों की भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित किया था। जिसमें से 24 संवर्ग के 31 संविदा पदों का 1:10 में शामिल पात्र अभ्यर्थियों की सूची जारी किया गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि जिसमें से 9 संवर्ग के 10 संविदा पदों के लिये 16 अप्रैल को प्रातः 9 बजे से शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय (जीएनएम कालेज) जिला चिकित्सालय परिसर जांजगीर, में कौशल परीक्षा व साक्षात्कार आयोजित किया गया है। जिसे कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला जांजगीर चांपा छ.ग. के नोटिस बोर्ड में भी चस्पा किया गया है। साथ ही जिले के वेबसाइट में अवलोकन किया जा सकता है।

### पोषण पखवाड़ा : विभिन्न गतिविधियों का किया जा रहा आयोजन

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर आकाश छिकारा के निर्देशन में जिले में पोषण संबंधी परिणामों में सुधार लाने के उद्देश्य से 8 अप्रैल से 22 अप्रैल तक विभिन्न विभागों के समन्वय से पोषण पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है।
जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग ने बताया कि आज पोषण पखवाड़ा के तहत जिले के आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों वजन ऊचाई मापन कर कुपोषण के बारे में जानकारी दिया गया एवं बच्चों में बौनापन, दुबलापन व अल्प वजन के कारण बच्चों के शारीरिक, बौद्धिक व मानसिक विकास को प्रभावित करता है जिसे संपूर्ण पौष्टिक आहार, दूध एवं स्थानीय स्तर उपलब्ध फल व हरी सब्जियों को आहार के रूप में शामिल करने हेतु प्रोत्साहित किया गया। इसके साथ ही ग्राम स्वास्थ्य पोषण दिवस (व्हीएचएसएनडी) के अवसर पर समुदाय को बेनिफिशियरी मॉडयूल की जानकारी दिया गया एवं हितग्राहियों का पंजीयन किया गया।
बेनिफिशियरी मॉडयूल की विस्तारपूर्वक जानकारी देने के साथ-साथ गर्भवती माताओं एवं शिशुवती माताओं से गृहभेंट किया गया तथा योजनाओं के प्रचार-प्रसार हेतु पोस्टर एवं बैनर आदि का प्रदर्शन किया गया है।

### केन्द्रीय, क्षेत्रीय, राष्ट्रीय व विदेशी छात्रवृत्ति योजना आवेदन 17 तक

**जांजगीर-चांपा।** भारत सरकार सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा अनुसूचित जाति, विमुक्त घुमंतू और अर्थ घुमंतू जनजातियां, भूमिहीन, खेतिहर मजदूरी और पारंपरिक कारीगर श्रेणी के कम आय वाले विद्यार्थियों के लिए विदेश में अध्ययन की सुविधा हेतु केन्द्रीय क्षेत्रीय राष्ट्रीय विदेशी छात्रवृत्ति योजना लागू की गई है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि इस योजना का लाभ लेने के लिए विद्यार्थी की शैक्षणिक योग्यता 60 प्रतिशत अंको के साथ स्नातक उत्तीर्ण आयु 35 वर्ष से कम एवं पालक की वार्षिक आय 8 लाख रुपये से अधिक नहीं होनी चाहिए। संबंधित वर्ग के विद्यार्थी जो केन्द्रीय क्षेत्रीय राष्ट्रीय विदेशी छात्रवृत्ति योजना के तहत विदेशों में अध्ययनरत करना चाहते है वे 27 अप्रैल तक वेबसाइट पर आवेदन कर सकते हैं।

### ग्राम भिलाई में अखंड नवधा रामायण का शुभारंभ कल से

**जांजगीर-चांपा।** बलौदा ब्लाक अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत भिलाई में रविवार 13 अप्रैल से कलशयात्रा के साथ अखंड नवधा रामायण प्रारंभ हो रहा है। मंगलवार 22 अप्रैल को हवन, सहस्त्रधारा होना है। नवधा रामायण में ब्यास पीठ पर पं. आनंद शर्मा एवं आचार्य संतोष पाठक होंगे। नवधा रामायण का संचालन चंद्रभूषण उपाध्याय, कार्यक्रम के अध्यक्ष मिथलेश गोपाल एवं यजमान प्रदीप देवांगन, श्रीमती संतोषी देवांगन होंगे। कार्यक्रम को लेकर समिति के पदाधिकारी तैयारियों में जुटे हुए है।

# खरसिया-नवा रायपुर नई रेल लाइन अभिसरण क्षेत्र में आने वाली जमीन की खरीदी बिक्री पर रोक

## दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने जिला प्रशासन को भेजा पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

खरसिया से नवा रायपुर होते परमलकसा नई रेल लाइन के संभावित क्षेत्रों में खरीदी बिक्री पर रोक लगा दी गई है। इसको लेकर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने जिला प्रशासन को पत्र लिखा था। जिसके परिपालन में संबंधित तहसीलदारों के माध्यम से राजस्व विभाग के मैदानी अमले को एलर्ट कर दिया गया है। बताया जाता है कि पूर्व में हुए सर्वे के अनुसार नई रेल लाइन के अभिसरण क्षेत्र में आने वाले संबंधित खसरे की जमीन अब बिक्री नहीं हो सकेगी। ऐसे में ऐनवक्त पर मुआवजा के चक्कर में औने पौने दामों पर जमीन खरीदने वालों को एक तरह से तगड़ा झटका लगा है।

गौरतलब है कि दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा खरसिया से नया रायपुर होते परमलकसा नई रेलवे लाइन के विस्तार को प्रारंभ किया जा रहा है। इसका उद्घाटन हाल ही में देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हाथों किया गया है। इसके बाद इस नई रेल लाइन का काम शुरू हो गया है। खास बात यह है कि पूर्व में वर्ष 2017-18 में तत्कालीन रमन सरकार के कार्यकाल में इस नई रेल परियोजना को प्रारंभ करने की रूपरेखा तैयार की गई थी, इस दौरान पूरे इलाके का सर्वे करके नई रेल लाइन का नक्शा तैयार किया गया था। इसके बाद प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बन गई और नई रेल लाइन बिछाने का काम रूक गया। इसके बाद अबकी बार प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के साथ ही इस परियोजना पर ना केवल शीघ्रता से कार्य प्रारंभ हुआ , बल्कि प्रधानमंत्री के हाथों इस कार्य का शुभारंभ भी किया गया। इसके बाद पूरा अमला इसमें जुट गया है। विभागीय जानकारी के मुताबिक दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण बिलासपुर द्वारा) संबंधित जिले के प्रशासन को पत्र लिखकर खरसिया नवा रायपुर परमलकसा रेलवे लाइन के अभिसरण में आने वाले गांवों में भूमि की अवैध और अनाधिकृत तरीके से खरीदी बिक्री होने के संभावना को देखते हुए इसपर रोक लगाने कहा है। जारी पत्र में कहा गया है कि प्रस्तावित रेलवे लाइन के बारे में जानकारी होने के बावजूद कुछ लोग बिना किसी अनुमति के जमीन की खरीदी बिक्री में लिप्त हो जाते है। इससे ना केवल भू स्वामी को परेशानी होती है, बल्कि सार्वजनिक परियोजना के क्रियान्वयन में भी बाधा उत्खनन हो सकती है। ऐसे में अधिग्रहण की अंतिम प्रक्रिया पूर्ण होने तक रेलवे लाइन के अभिसरण क्षेत्र में आने वाली सभी भूमियों की खरीदी बिक्री पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगाने कहा गया है।

**खास बातें**
- दो दर्जन से अधिक गांवों की चिन्हांकित जमीन को नहीं बेच सकते किसान
- ऐनवक्त पर खरीदी बिक्री करने वालों को लगा झटका
- विवाद से बचने रेलवे ने की पहल



**इन गांवों से होकर गुजरेगी ट्रेन**

जांजगीर चांपा जिले के कपिस्दा, कनकपुर, करनौद, पेण्ड्री, बरगांव, किरीत, खपरीडीह, तुलसी, खैरताल, गंगाजल, कटौद, तेंदुआ, कुरियारी, बेल्हा, तिवारीपारा, देवरी, लोहर्सी, खोरसी, हड़हा, तनौद, कमरीद, कोड़ाभांट, भुईगांव, चुरतेला, खरखोद, खैराडीह, शुक्लाभांठा, ससहा, इसी प्रकार सक्ती जिले के जैजैपुर विकासखंड अंतर्गत आने वाले आमगांव, कांशीगढ़, बेलकर्री, बावनगुड़ी से होकर ट्रेन गुजरेगी। ऐसे में इन क्षेत्रों के जमीन की खरीदी बिक्री तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी गई है।

## प्रभारी सिविल सर्जन को हटाने स्वास्थ्यकर्मियों ने की हड़ताल

# जिला अस्पताल विवाद, जिले भर के डॉक्टरों व कर्मचारियों ने ठप किया काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल में सिविल सर्जन के साथ डॉक्टर, नर्स व कर्मचारियों के बीच चल रहा विवाद कही थमने का नाम नहीं ले रहा है। वहीं प्रभारी सिविल सर्जन को हटाने की एक सूत्रीय मांग को लेकर लामबंद डॉक्टर व नर्स सहित स्वास्थ्य कर्मचारियों ने जिले भर में कामकाज ठप कर दिया। वे पूरे दिन हड़ताल पर रहे। ऐसे में जिला अस्पताल से लेकर गांव देहात के स्वास्थ्य केन्द्रों तक स्वास्थ्य पूरी तरह से चरमरा गई।

गौरतलब है कि बैरिस्टर ठा. छेदीलाल शासकीय जिला चिकित्सालय जांजगीर में प्रभारी सिविल सर्जन के साथ डॉक्टरों, नर्स और कर्मचारियों के बीच तालमेल नहीं जम रहा है। बीते मार्च महीने में प्रभारी सिविल सर्जन के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए डॉक्टरों व कर्मचारियों ने जिले के मुखिया कलेक्टर कार्यालय तक पैदल मार्च करके ज्ञापन सौंपा था। इतना ही नहीं उन्होंने चरणबद्ध आंदोलन करने की चेतावनी देते हुए इसकी शुरूआत भी की थी। इस कड़ी में ओपीडी का बहिष्कार, सायकल स्टैण्ड के सामने उपचार करने का काम हुआ। दूसरी ओर डॉक्टरों की मांग पर जिम्मेदार प्रशासन ने जांच टीम गठित की और एक तरह से मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया। इधर मांग पर समुचित कार्रवाई नहीं होने से क्षुब्ध डॉक्टरों व नर्स के साथ स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों ने सप्ताह भर पहले सामूहिक अवकाश लेकर एक दिवसीय हड़ताल किया। इसके साथ ही उन्होंने मांग पूरी नहीं होने पर चरणबद्ध तरीके से आंदोलन करने की चेतावनी दी थी। उनकी इस चेतावनी के बावजूद जिम्मेदार स्वास्थ्य विभाग के साथ प्रशासन ने किसी प्रकार पहल नहीं की। ऐसी स्थिति में आंदोलन को विस्तार करते हुए शुक्रवार 11 अप्रैल को जिले के डॉक्टर, नर्स सहित तकरीबन 7 सौ कर्मचारी एक दिवसीय हडताल पर रहे। स्थिति यह बनी कि जिला अस्पताल से लेकर जिले के सभी सामुदायिक, प्राथमिक और उप स्वास्थ्य केन्द्रों में व्यवस्था चरमरा गई। डॉक्टरों व नर्स के साथ स्वास्थ्य कर्मियों की हड़ताल से सर्वाधिक परेशानी मरीजों और उनके परिजनों को हुई। जिला अस्पताल में ओपीडी से लेकर वार्डो तक व्यवस्था प्रभावित हुई, तो वहीं सामुदायिक , प्राथमिक और उप स्वास्थ्य केन्द्रों में मरीज और उनके परिजन हलाकान होते रहे। कुल मिलाकर जिले के सबसे बडे सरकारी अस्पताल में प्रभारी सिविल सर्जन और डॉक्टरों व कर्मचारियों के बीच चल रहा विवाद कही थमने का नाम नहीं ले रहा है।



जिला अस्पताल में पंजीयन कराने लगी मरीजों की भीड़



नायब तहसीहलदार को ज्ञापन सौंपते डॉक्टर व नर्स।

### संवेदनहीनता का बन रहा रिकार्ड

प्रदेश की विष्णुदेव साय सरकार जहां सुशासन तिहार मना रही है, आम जनता की समस्या और शिकवा शिकायतों के निराकरण के लिए शहर से लेकर गांवों तक पूरे सरकारी अमले को तैनात किया गया है। वहीं दूसरी ओर जिला मुख्यालय में जिम्मेदार स्वास्थ्य विभाग के साथ जिला प्रशासन संवेदनहीनता का नया रिकार्ड बना रहा है। जिला बनने के तकरीबन ढाई दशक में यह शायद पहला अवसर होगा, जब जिले के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल में अधिकारी व डॉक्टरों के साथ स्टाफ का विवाद माह भर से चल रहा है। हद तो तब हो गई जब स्वास्थ्य सेवा से जुड़े इस गंभीर मामले को सुलझाने में भी जिम्मेदार प्रशासनिक अमला इस कदर उदासीनता बरत रहा है, मानो स्वास्थ्य सेवा जिले से संबंधित है ही नहीं। ऐसे में स्थिति यह बन रही है कि जिला अस्पताल से शुरू हुआ विवाद वहां के आंदोलन के बाद जिले भर के अस्पतालों में शुरू हुए हड़ताल के रूप में सामने आ रहा है। वहीं इस विवाद का पटाक्षेप करने अभी तक समुचित पहल नहीं हो सकी है।


**हटाने की मांग**

जिला अस्पताल में पदस्थ सिविल सर्जन को हटाने की मांग को लेकर नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया है। मामले को लेकर 15 अप्रैल को डॉक्टरों की बैठक भी करनी है।

-डॉ. बलराम रोहिदास ,
जिलाध्यक्ष, सीडा

# युवक को निर्वस्त्र कर बेरहमी से पीटा, आधा दर्जन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-मालखरौदा



मालखरौदा थाना क्षेत्र के ग्राम बासीन में एक युवक को निर्वस्त्र करके बेरहमी से पीटने और गांव में घुमाकर अपमानित करने का मामला सामने आया है। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने सात लोगों के खिलाफ अपराध कायम किया, जिनमें से छह लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है।

इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 11 अप्रैल को सोशल मीडिया पर एक युवक का वीडियो वायरल हुआ। वीडियो में युवक को कुछ लोग बेरहमी से पीट रहे थे। इतना ही नहीं उसे निर्वस्त्र करके उसके साथ बेरहमी से मारपीट की जा रही थी। इस पर पुलिस ने इसकी जानकारी ली तो उक्त वीडियो को 8 अप्रैल की रात्रि का होना पाया गया और पीड़ित युवक की पहचान बासीन निवासी राहुल अंचल के रुप में हुई। पुलिस ने बताया कि पीड़ित युवक 8 अप्रैल की रात्रि करीब 11-12 बजे किसी काम से बड़े रबेली गया हुआ था, जहां आधा दर्जन से अधिक आरोपियों ने बांध करके उसकी बेरहमी से पिटाई कर दी। इतना ही नहीं रातभर बंधक बनाने के साथ उसे निर्वस्त्र करके अपमानित किया। पीड़ित युवक को उपचार के लिए अस्पताल दाखिल कराया गया है। इधर इस मामले में मालखरौदा थाना अंतर्गत बड़े रबेली निवासी आरोपी सूर्या चंद्रा, बलवंत चंद्रा, गोविंद चंद्रा, हेमप्रकाश चौहान, चक्रधर चंद्रा, मणि चंद्रा और भागी चंद्रा के खिलाफ अपराध क्रमांक 76/2025 धारा 109 (2), 296, 351 (2), 115 (2), 126 (2), 127 (2), 191 (2), बीएनएस , धारा 3 (1), (ई) (आर) (एस), एससीएसटी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। तत्पश्चात आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए एसडीओपी के साथ दो इंस्पेक्टर और दो जवानों की विशेष टीम गठित की गई। उनके द्वारा घटना में शामिल सात में छह आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

**खास बात**
- मालखरौदा थाना क्षेत्र के बड़े रबेली की घटना

**किए हैं त्वरित कार्रवाई**

पूर्व में अपराध कायमी कराने के लिए पीड़ित पक्ष तैयार नहीं था। रोजनामंचा में इसका लेख किया गया। सोशल मीडिया में वीडियो वायरल होने पर तत्काल संज्ञान लिया गया। समाज प्रमुखों से अनुरोध कर प्रार्थी बनाते हुए मामला दर्ज किया गया। छह आरोपियों की गिरफ्तारी तत्काल हुई है।

-अंकिता शर्मा,
पुलिस अधीक्षक सक्ती

# दुर्भावना पूर्ण ढंग से एसटीडीआर नहीं बनाने वाले स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया को 13 हजार का अर्थदंड

**अकलतरा।** जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग के द्वारा 7 अप्रैल को भारतीय स्टेट बैंक अकलतरा शाखा पर दुर्भावना पूर्ण रूप से ग्राहक के लिए एसटीडीआर नहीं बनाए जाने पर 13 हजार रुपए का अर्थ दंड लगाया गया है।

इस संबंध में यह जानकारी मिली कि वार्ड क्रमांक दो निवासी मूलचंद राठी भारतीय स्टेट बैंक अकलतरा शाखा के ग्राहक है। उनके द्वारा मार्च 2023 में नगर पालिका द्वारा 10 लख रुपए के कार्य के लिए निकाले गए टेंडर के विरुद्ध स्टेट बैंक ऑफ़ अकलतरा इंडिया अकलतरा शाखा में एसपीडीआर बनाने के लिए आवेदन किया गया लेकिन बैंक प्रबंधन के द्वारा दुर्भावना पूर्वक मूलचंद राठी का एसपीडीआर नहीं बनाया गया। मूलचंद राठी के पक्ष में फैसला सुनाते हुए स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया अकलतरा शाखा को दुर्भावना पूर्वक व्यवहार के लिए 13 हजार रुपए का अर्थदंड लगाया है।

# एक माह का चावल गबन, केसला के ग्रामीण पहुंचे कलेक्टोरेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ तुस्मा

ग्राम पंचायत केसला में हुआ लाखों का चावल गबन को लेकर ग्रामीणों ने कार्रवाई की मांग को लेकर कलेक्टोरेट पहुंच गए। ग्रामीणों ने बताया कि चावल गबन मामले में तीन साल बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

ज्ञात हो कि जिले के नवागढ़ जनपद पंचायत क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत केसला का मामला है। जहां 2021-22 में पूरे 1 माह के चावल के गबन का मामला सामने आया था जिसमें कई बार शिकायत किया जा चुका है। मगर मामले में अधिकारी खाद्य आपूर्ति की कार्यवाही कर मामले को चलता कर दिए अब लगभग 3 वर्ष गुजर गया मगर ग्राम पंचायत केसला के ग्रामीणों को अभी तक पूरे एक माह का चावल नहीं मिला पाया है, जिसके वजह से ग्रामीण काफी परेशान है। जहां गांव वालों की समस्या को लेकर वर्तमान सरपंच अम्बिका यादव ने पूरे गांव वालों के साथ जाकर कलेक्ट्रेट कार्यालय में खाद्य विभाग और एसडीम के नाम ज्ञापन सौंपा और जल्द से जल्द मामले जांच कर कार्यवाही की गुहार लगाई है। 3 वर्ष गुजर जाने के बाद चावल गबन मामले में अब तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई है।



कलेक्टोरेट पहुंचे ग्रामीण।

## सरकारी जमीन पर कब्जा कर सड़क पर लगा रहे दुकान

# शहर में ट्रेफिक जाम बनी आम समस्या, लोगों को हो रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

नगरवासियों को आजकल भीषण गर्मी एवं चिलचिलाती धूप में लंबे समय तक ट्रैफिक जाम में फंसकर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वही नगर वासियों की समस्याओं का समाधान करने एवं उन्हें सुविधाएं प्रदान करने के लिए चुने गए जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासन को नगर वासियों की तकलीफों से कोई सरोकार नहीं रह गया है।

यातायात की सर्वाधिक समस्या शास्त्री चौक एवं स्टेशन रोड में दिखाई पड़ती है, जहां सड़क के दोनों और दुकानदारों के द्वारा शासकीय जमीन पर अवैध कब्जा कर अपनी दुकानों को आगे सड़क तक बढ़ा दिया गया है। उसके ऊपर से ठेले वाले एवं अन्य छोटी दुकान करने वाले सड़क के ऊपर अपनी दुकान लगते हैं। शास्त्री चौक के चारों ओर फल वालों का कब्जा है तो शास्त्री चौक से आर के सिंह परिसर तक ऑटो वाले सड़क पर डेरा जमाए रहते हैं। वहीं पोस्ट ऑफिस के सामने माल वाहक गाड़ियों का जमावड़ा रहता है। इन सबके बाद रही सही कसर बिलासपुर, रायपुर एवं अन्य स्थानों से समान लाद कर लाने वाली बड़ी गाड़ियां निकाल देती है, लेकिन यहां के दुकानदार केवल अपना भाड़ा बचाने के चक्कर में अपनी दुकानों के सामने समान अनलोड कराते हैं। नगर के व्यापारियों की समस्याओं को उठाने के लिए छत्तीसगढ़ चैंबर्स आफ कमर्स एंड इंडस्ट्री अकलतरा इकाई, किराना व्यापारी संघ, जनरल स्टोर्स व्यापारी संघ, कपड़ा व्यापारी संघ, ऑटो पार्ट्स व्यापारी संघ सहित नगर के अन्य व्यापारिक स्टेशन रोड में ट्रैफिक जाम का एक बड़ा कारण ठाकुर छेदीलाल बैरिस्टर सब्जी मार्केट में अव्यवस्था है। जहां पार्किंग एवं प्रसाधन की अति आवश्यक सुविधाएं भी नगर वासियों को मिल सकती है। नगर वासियों के इस दुर्दशा के लिए जनप्रतिनिधि, प्रशासन, पुलिस ,नगर पालिका एवं सबसे महत्वपूर्ण नगरवासी ही जिम्मेदार हैं। छत्तीसगढ़ चेंबर साहब कॉमर्स एंड इंडस्ट्री से जुड़े हुए व्यापारी अपनी दुकानों के सामने से एंक्रोचमेंट हटाने के लिए तैयार हैं बशर्ते उनकी दुकानों के सामने कोई ठेला या अन्य दुकान ना लगाया जाए। ठाकुर छेदीलाल बैरिस्टर सब्जी मार्केट नगर वासियो के लिए बेहतर विकल्प हो सकता है जिसे एक मल्टी स्टोरी स्मार्ट बाजार के रूप में विकसित किय जाए जहां पार्किंग एवं प्रधान की सुविधा नगर वासियों को प्राप्त हो, ताकि लोगों को राहत मिल सके।



ट्रैफिक जाम में फंसे लोग।

# पुलिस ने दी दबिश, 9 लीटर शराब के साथ एक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बम्हनीडीह

मुक्तिधाम के पास शराब की बिक्री करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला बम्हनीडीह थाना क्षेत्र के ग्राम सोंठी का है।

इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 11 अप्रैल को बम्हनीडीह पुलिस को मुखबिर के माध्यम से सूचना मिली कि ग्राम सोंठी निवासी नरेन्द्र गोस्वामी नदी किनारे मुक्तिधाम के पास अवैध रूप से शराब की बिक्री कर रहा है। सूचना पर बम्हनीडीह पुलिस द्वारा मौके पर दबिश दी। जहां आरोपी के कब्जे से जुमला 9 लीटर कच्ची महुआ शराब को जब्त किया गया। जब्त शराब की कीमत 2 हजार रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया। उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक राजिव श्रीवास्तव, प्रधान आरक्षक मिलन राठौर, आरक्षक पुनेश्वर आजाद, सचेन्द्र साहू, शैलेन्द्र राठौर का विशेष योगदन रहा।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

11-APRIL- RAG- JANJ- Bhoomi pg-3_Layout 1 4/11/2025 8:47 PM Page 1





# रेड-2 के पहले गाने की झलक आई सामने...

**नई दिल्ली।** अजय देवगन और रितेश देशमुख की फिल्म रेड 2 इन दिनों चर्चा में हैं।यह इस साल की बहुचर्चित फिल्मों में से एक हैं। इस फिल्म के अब पहले गाना का टीजर रिलीज हो चुका है, जो तमन्ना भाटिया पर फिल्माया गया है। रेड 2 के इस गाने का नाम नशा है। नशा रेड 2 का स्पेशल सॉन्ग है, जो तमन्ना भाटिया के स्त्री 2 के गाने आज की रात की याद दिलाता है। दरअसल, नशा गाने में तमन्ना भाटिया वैसी ड्रेस में नजर आ रही है जैसे उन्होंने स्त्री 2 के आज की रात गाने में पहनी थी। इतना ही नहीं, नशा गाने के टीजर को देख कहा जा सकता है कि यह गाना आज की रात गाने से काफी प्रेरित लगता है।

## लाइफ Style



# रश्मिका

## सोशल मीडिया पर शेयर की 'थामा' की शूटिंग

बॉलीवुड अभिनेत्री रश्मिका मंदाना ने सोशल मीडिया पर फिल्म 'थामा' की शूटिंग को लेकर एक अहम जानकारी शेयर की है, जिसे देखने के बाद प्रशंसकों की उत्सुकता इस हॉरर फिल्म को लेकर और अधिक बढ़ गई है। पुष्पा फेम अभिनेत्री रश्मिका मंदाना इन दिनों अपनी आगामी हॉरर फिल्म 'थामा' की शूटिंग में व्यस्त हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

'थामा' एक हॉरर कॉमेडी फिल्म है, जिसमें उनके साथ आयुष्मान खुराना नजर आएंगे। गुरुवार को 'थामा' की अभिनेत्री रश्मिका ने सोशल मीडिया पर फिल्म की शूटिंग को लेकर एक अहम जानकारी शेयर की है और साथ ही अपने फैंस से एक खास सवाल का जवाब भी मांगा है। रश्मिका मंदाना ने हाल ही में अपना 29वां जन्मदिन मनाया। वहीं, वह इस दौरान अपनी आगामी हॉरर फिल्म 'थामा' की शूटिंग में व्यस्त रहीं। इसी फिल्म को लेकर रश्मिका ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया है और साथ ही अपने प्रशंसकों से फिल्म को लेकर एक खास सवाल भी पूछा है, जिसे देखने के बाद रश्मिका के फैंस की उत्सुकता फिल्म को लेकर और अधिक बढ़ गई है। रश्मिका ने इंस्टाग्राम पर 'थामा' के लोकेशन की एक तस्वीर शेयर की और साथ ही नोट भी लिखा। रश्मिका ने घने पेड़ों के बीच डूबते हुए सूरज की एक तस्वीर शेयर की है और साथ ही लिखा, 'कुछ दिनों के लिए रात में शूटिंग। आपको इस पोस्ट में सिर्फ चांद या फिर कैमरे की लाइट और सितारे ही दिखाई देंगे।' इस नोट के साथ रश्मिका ने अपने फैंस से एक सवाल भी पूछा। क्या आप बता सकते हैं कि यह कौन सा शहर है, जो दिखाई नहीं दे रहा।

## हॉलीवुड मसाला



# 'मेफेयर विचेज 3' चुड़ैल पर होगा फोकस

**लॉस एंजिल्स।** एलेक्जेंड्रा डैडारियो की सुपरनैचुरल हॉरर थ्रिलर मेफेयर विचेस को सीजन 3 को नए तरीके से पेश किया जाएगा। इसके तीसरे सीजन में जादू-टोने की कहानियों को और भी गहराई से पेश किया जाएगा। इसके तीसरे सीजन में नए जादुई परिवारों को दिखाया जाएगा और सलेम के ऐतिहासिक चुड़ैल पर फोकस होगा। 16 साल की उम्र में 'ऑल माई चिल्ड्रन' से अपने अभिनय कॅरियर की शुरुआत करने वाली एलेक्जेंड्रा डैडारियो को 'पर्सी जैक्सन' फिल्म में एनाबेथ चेस और एचबीओ की टीवी सीरीज 'ट्रू डिटेक्टिव' के पहले सीजन में लिसा ट्रैगनेट्टी की भूमिका के लिए जाना जाता है।



# पैपराजी पर गुस्से में भड़के जस्टिन बीबर

**लॉस एंजिल्स।** सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें जस्टिन बीबर अपना आपा खोते हुए गुस्से में नजर आ रहे हैं। साथ ही वह अपना गुस्सा वहां मौजूद पैपराजी पर निकाल रहे हैं। इसके अलावा कह रहे हैं कि उन्हें बस पैसे की चिंता है। पॉप सिंगर जस्टिन बीबर के साथ यह घटना कैलिफोर्निया में घटी, जहां वह अपने दोस्त के साथ एक कॉफी शॉप में गए थे। एंट्री करते समय ही एक फोटोग्राफर ने उन्हें कुछ कहा, तो उन्होंने अपना चेहरा छुपा लिया और जवाब दिया कि आप पहले से ही उन्हें जानते हैं। इसके बाद वह एक पैपराजी के पास गए और आरोप लगाया कि वे यहां सिर्फ पैसे के लिए यहां आए हैं। साथ ही वह अपनी उंगलियों से पैसा पैसा पैसा का इशारा करने लगे।



# शाहरुख की तारीफों के बांधे पुल...

**मुंबई।** फिल्म 'जब तक है जान' के अलावा कई फिल्मों में एक साथ काम कर चुके कैटरीना कैफ और शाहरुख खान की जोड़ी को फैंस ने हमेशा प्यार दिया है। उनकी फिल्मों की कहानी से लेकर फिल्मों के गाने आज भी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर देते हैं। एक इवेंट के दौरान कैटरीना ने शाहरुख की जमकर तारीफ की, जिसे सुनकर आप भी जरूर सहमत होंगे। एक पुराने इंटरव्यू में कैटरीना ने शाहरुख खान की प्रशंसा करते हुए कहा था कि 'शाहरुख खान बेहद बुद्धिमान हैं और साथ ही उनकी नॉलेज काफी अच्छी है।' एक इंटरव्यू के दौरान रैपिड फायर राउंड के दौरान कैटरीना ने शाहरुख की जमकर तारीफ की थी। कैटरीना ने कहा, 'शाहरुख खान को हर चीज की जानकारी रहती है। वह हमेशा की तरह बुद्धिमान हैं।




# 'भूल चूक माफ' का जारी हुआ ट्रेलर

**मुंबई।** राजकुमार राव और वामिका गब्बी की आने वाली फिल्म 'भूल चूक माफ' का ट्रेलर जारी हो चुका है। मैडॉक फिल्म्स के बैनर तले रिलीज हो रही इस फिल्म का ट्रेलर काफी रोचक है। ट्रेलर में राजकुमार राव और वामिका गब्बी पहली बार साथ नजर आए हैं। ' करण शर्मा के निर्देशन में बनी ये फिल्म 9 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। ट्रेलर में राजकुमार राव वामिका गब्बी के साथ शादी की गुत्थी को सुलझाते नजर आए हैं। फिल्म 'भूल चूक माफ' के ट्रेलर में राजकुमार राव और वामिका गब्बी की बेहतरीन केमिस्ट्री देखने को मिली है। ट्रेलर में दिखाया गया है कि राजकुमार राव और वामिका गब्बी शादी के लिए राजी होते हैं, लेकिन उनके परिवार वाले राजी नहीं होते।

## टीवी मसाला



# रियलिटी शोज में कंटेस्टेंट नहीं करते हैं लाइव सिंगिंग

**नई दिल्ली।** शान इंडस्ट्री के सबसे फेमस सिंगर्स में से एक हैं। उन्होंने 'द वॉयस इंडिया' और 'सा रे गा मा पा लिटिल चैंप्स' सहित सिंगिंग रियलिटी शोज को जज किया है। हाल ही में एक पॉडकास्ट में, उन्होंने इसके बारे में अच्छे से बताया कि कैसे कंटेस्टेंट्स की परफॉर्मेंस को बढ़ाया, सुधारा और एडिट किया जाता है। उन्होंने यह भी शेयर किया कि जब उन्हें पता चला कि 'वास्तविकता और सच' को कैसे बदला जाता है, तो उन्होंने ऐसे शो से दूर रहने का फैसला क्यों किया। उन्होंने कहा, 'वहां जो गाते हैं वो एक बार ही होता है लेकिन फिर वे उस ऑडियो को स्टूडियो में ले जाते हैं और उन्हें फिर से गाने के लिए कहते हैं। यह पिछले कुछ सालों से चल रहा है। फिर इसे ठीक भी किया जाता है, सही किया जाता है।' उन्होंने बताया कि लगभग सभी लास्ट परफॉर्मेंस तक पिच परफेक्ट होते हैं, जो 'संभव नहीं' है। उन्होंने यह भी बताया कि ऐसे रियलिटी शो के जज भी एपिसोड के अंतिम एडिट को ध्यान में रखते हुए अपना रिएक्शन देते हैं। उन्होंने तर्क दिया कि ऐसे शो की टीआरपी पहले बहुत बेहतर थी जब कंटेंट को 'असली' रखा जाता था। उन्होंने कहा, 'जब ये चीजें शुरू में जबरदस्ती की जा रही थीं, तो मुझे कुछ दिक्कतें हुईं।' शान ने पिछले कुछ सालों से रियलिटी शो जज नहीं किए हैं।

# सीआईडी में एसीपी प्रद्युमन की हत्या से मचा हड़कंप

**नई दिल्ली।** कल्ट क्राइम शो सीआईडी इन दिनों एक ऐसे प्लॉट ट्विस्ट के लिए चर्चा में है, जिसकी किसी ने कल्पना भी नहीं की थी। 1998 में शुरू होने के बाद से शो के लीड एक्टर एसीपी प्रद्युमन को स्क्रीन पर अब मार दिया गया है। भले ही यह चौंकाने वाला शो चर्चा का विषय बना हुआ है, लेकिन ये कुछ विवादों में भी आ गया है। क्योंकि. हाल ही के एक एपिसोड में ऐसे कंटेंट दिखाई गए हैं जो ओरिजनल नहीं लगते। अब एक आर्टिस्ट ने इंस्टाग्राम पर यह दिखाया है कि कैसे शो ने उनके यूट्यूब वीडियो का इस्तेमाल अपने शो पर किया है।



'सीआईडी' पर चल रहे एपिसोड में टीम को मास्टरमाइंड बारबोसा (तिग्मांशु धूलिया) से लड़ते हुए दिखाया गया है, जो एसीपी प्रद्युमन (शिवाजी साटम) की हत्या करने वाले बम विस्फोट के पीछे भी है। 'द आफ्टरमैथ' नाम का एपिसोड एसीपी की मौत से शुरू होता है। इसमें दया और अभिजीत सहित टीम को मुंबई के आसपास के इलाकों में जांच करते हुए दिखाया गया है।

# भारत में 1937 में रिलीज हुई थी पहली रंगीन फिल्म...

**नई दिल्ली।** आजू पूरी दुनिया में सिनेमा का अनुभव काफी बदल चुका है। आज हमें जिस रूप में सिनेमा दिखता है पहले वैसा नहीं था। पहले ब्लैक एंड व्हाइट फिल्में होती थीं। आज हम फिल्में देखतें हैं तो लगता है कि हमारे सामने सारी चीजें असलियत में हो रही हैं। यह तकीनीक '3डी' कहलाती है। यह तकनीक सबसे पहले अमेरिका में इस्तेमाल की गई थी। आज ही के दिन यानी 10 अप्रैल 1953 को पहली रंगीन 3डी फिल्म 'हाउस ऑफ वैक्स' रिलीज हुई थी। आज इस मौके पर हम आपको सिनेमा से जुड़ी कुछ दिलचस्प बातें बता रहे हैं।



***बिना आवाज के थी पहली भारती फिल्म*** : भारत में सबसे पहली फिल्म 'राजा हरिश्चंद्र' 1913 में कोरोनेशन सिनेमा में रिलीज हुई थी। यह फिल्म ब्लैक एंड व्हाइट थी। इस फिल्म में आवाज नहीं थी। इस फिल्म का निर्देशन दादा साहब फाल्के ने किया था। इसकी भाषा मराठी और हिंदी थी। इसका टाइटल अंग्रेजी था। इसे भारतीय सिनेमा की पहली फिल्म भी माना जाता है।

***पहली बार रिलीज होने वाली आवाज वाली फिल्म*** : भारत में सबसे पहली आवाज वाली फिल्म 'आलम आरा' थी। यह फिल्म 14 मार्च 1931 में रिलीज हुई थी। 'आलम आरा' को बोलती फिल्म भी कहा जाता है। इसका निर्देशन अर्देशिर ईरानी ने किया था। इसे सबसे पहले मुंबई (तब बंबई) के मैजेस्टिक सिनेमा में प्रदर्शित किया गया था।

***'किसान कन्या' है सबसे पहली रंगीन फिल्म*** : भारत की सबसे पहली रंगीन फिल्म 'किसान कन्या' है। यह फिल्म साल 1937 में रिलीज हुई थी। इसका निर्देशन मोती गिडवानी ने किया था। यह फिल्म सआदत हसन मंटो के एक उपन्यास पर आधारित थी। फिल्म में गरीब किसान के संघर्ष के बारे में दिखाया गया था।

***भारतीय सिनेमा के बारे में दिलचस्प बात*** : भारत में सिनेमा की शुरूआत सबसे पहले 1896 में हुई। इस साल मुंबई में लुमियर बंधुओं ने अपनी पहली फिल्म दिखाई। भारत का सबसे पहला सिनेमाहाल 'एलफिंस्टन पिक्चर पैलेस' है।

# ट्रैक्टर रैली से लेकर सिनेमाहॉल में डांस तक 'जाट' को लेकर फैंस में जबरदस्त उत्साह...

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड के एक्शन स्टार सनी देओल की मच अवेटेड फिल्म 'जाट'गुरुवार को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। फिल्म को लेकर दर्शकों में जबरदस्त उत्साह बना हुआ है। अब जब फिल्म सिनेमाघरों में आ गई है, तब फिल्म को लगातार दर्शकों का शानदार रिस्पॉन्स मिल रहा है। सोशल मीडिया पर दर्शक फिल्म का रिव्यू कर रहे हैं और इसे मास एंटरटेनर और शानदार फिल्म बता रहे हैं। वहीं, सोशल मीडिया पर कुछ वीडियो भी वायरल हो रहे हैं, जिनमें फिल्म को लेकर जबरदस्त क्रेज देखने को मिल रहा है। कहीं लोग सिनेमाघरों में डांस कर रहे हैं, तो कहीं फिल्म को लेकर रैलियां निकाल रहे हैं।



**लोगों ने निकाली ट्रैक्टर रैली** : फिल्म जाट के क्रेज का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि सोशल मीडिया पर तरह-तरह के वीडियो सामने आ रहे हैं। एक वीडियो एक्स पर सामने आया है जिसमें लोग ट्रैक्टर लेकर एक रैली निकाल रहे हैं और जाट फिल्म को देखने जा रहे हैं। इस रैली में कई ट्रैक्टर दिख रहे हैं, साथ ही इन ट्रैक्टर के आगे लोग डांस कर रहे हैं। वीडियो राजस्थान के टोंक जिले के निवाई का बताया जा रहा है।

***सिनेमाघरों में नाचे लोग*** : 'जाट' का क्रेज सिर्फ भारत ही नहीं, बल्कि विदेशों में भी है। एक्स पर यूजर ने एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वो सिनेमाहॉल में फिल्म के समाप्त होने पर क्रेडिट में बज रहे गाने पर डांस कर रहा है। यूजर ने वीडियो को शेयर करते हुए सनी देओल और फिल्म के मेकर्स को थैंक्यू भी बोला है। यूजर ने ये बताया है कि फिल्म को देखकर वो यूएस में भी खुद को डांस करने से नहीं रोक पाया। इसके अलावा एक और वीडियो भी वायरल है, जिसमें लोग सिनेमाघरों में डांस कर रहे हैं। फिल्म के पूरा होने के बाद लोग लास्ट के क्रेडिट्स पर डांस कर रहे हैं।

***फैंस में जबरदस्त उत्साह, मिल रहे पॉजिटिव रिव्यू*** : फिल्म को लेकर लोगों में गजब उत्साह दिख रहा है। कई ऐसे वीडियो सामने आ रहे हैं, जिनमें लोग ट्रैक्टर लेकर फिल्म को देखने जा रहे हैं। जाट के प्रशंसकों का कहना है कि एक बार फिर सिनेमाहॉल की पार्किंग को ट्रैक्टरों से भर देंगे। फिलहाल रिलीज के पहले ही दिन सनी देओल की 'जाट' को लेकर दर्शकों की प्रतिक्रिया काफी अच्छी आ रही है।

# कभी पंखा तो कभी हैंडपंप उखाड़ा, इन फिल्मों के सीन देखकर चौंक गए दर्शक; फैंस ने बजाई तालियां...

*गुरुवार को रिलीज हुई सनी देओल की एक्शन फिल्म 'जाट'को लेकर दर्शकों में जबरदस्त उत्साह दिख रहा है। गदर और गदर 2 के बाद एक बार फिर सनी देओल का ये एक्शन अवतार फैंस को काफी पसंद आ रहा है। सामने आ रहे रिव्यूज में दर्शक फिल्म के एक-एक सीन पर सीटियां बजा रहे हैं। हालांकि, जाट से पहले भी कई ऐसी फिल्में आई हैं, जिनके एक्शन सीन देखकर दर्शक सीटियां बजाने पर मजबूर हो गए। जानते हैं कुछ ऐसे ही फिल्मों के उन एक्शन सीन के बारे में, जिन्हें देखकर दर्शक भी चौंक गए और बजाने लगे सीटियां।*

**मुंबई।** जब गदर में सनी देओल ने उखाड़ा हैंडपंपसनी देओल बॉलीवुड के वो एक्शन स्टार हैं, जिनके एक-एक डायलॉग लोगों को कई सालों बाद भी मुंहजुबानी याद हैं। लेकिन साल 2001 में जब तारा सिंह बनकर सनी देओल ने पाकिस्तान में हैंडपंप उखाड़ा था, तो थिएटर सीटियों से गूंज उठे थे। फिल्म की रिलीज के 24 साल बाद भी ये सीन दर्शकों का आज भी पसंदीदा एक्शन सीन में से एक है।



## पुष्पा 2ः हाथ-पैर बंधे होने के बाद भी लड़ा पुष्पा

अल्लू अर्जुन की 'पुष्पा 2' में जबरदस्त एक्शन देखने को मिला था। लेकिन जिस सीन को देखकर दर्शकों ने अपने दांतों तले उंगलियां दबा ली थीं। वो सीन था जिसमें अल्लू अर्जुन के हाथ-पैर बंधे होते हैं। इसके बावजूद वो अपने मुंह का इस्तेमाल करके, कई दुश्मनों को मार गिराता है और उनसे बचकर निकल जाता है। इस सीन ने न सिर्फ इंडिया में बल्कि विदेश में भी लोगों को काफी प्रभावित किया था।



## एनिमल में रणबीर ने चलाई 500 किलो की मशीन गन

रणबीर कपूर की 'एनिमल'अपनी रिलीज के बाद लगातार चर्चाओं में रही। लेकिन फिल्म के जिस सीन ने लोगों का सबसे ज्यादा ध्यान अपनी ओर खींचा था, वो है एनिमल का वो फाइट सीन जिसमें रणबीर कपूर एक भारी सी मशीन गन लेकर अंधाधुंध गोलियां बरसाते नजर आते हैं। बताया गया कि ये बंदूक 500 किलो की थी और इसे असली स्टील से तैयार किया गया था। फिल्म का ये सीन लोगों के जेहन में अभी भी बना हुआ है।

## केजीएफ में यश के एक्शन ने उड़ाए होश

यश की केजीएफ और केजीएफ चैप्टर 2 एक्शन सीन से भरपूर थीं। फिल्म में अंधाधुंध गोलियां चल रही थीं। लेकिन फिल्म के जिस सीन ने दर्शकों को हिलाकर रख दिया वो था केजीएफ 2 का क्लाइमेक्स फाइट सीन जो यश और संजय दत्त के बीच फिल्माया गया। इस सीन में शर्टलेस होकर दोनों की फाइट लोगों को आज भी याद है। इसके अलावा फिल्म का वो सीन जिसमें यश एक बड़ी सी मशीन गन लेकर अंधाधुंध गोलियां बरसाते हैं। इस सीन को देखकर दर्शक सीटियां बजाने लगे थे।



## बाहुबली 2 का क्लाइमेक्स सीन

एसएस राजामौली की सबसे बड़ी और यादगार फिल्म बाहुबली और बाहुबली 2 का एक-एक सीन दर्शकों को पसंद है। लेकिन बाहुबली 2 का जो क्लाइमेक्स सीन है जिसमें बाहुबली और भल्लाल देव का मुकाबला होता है, उस सीन को देखकर दर्शकों ने दांतों तले उंगलियां दबा ली थीं। इस सीन में भव्यता के साथ जबरदस्त एक्शन दिखाया गया था।




## आरआरआर में जूनियर एनटीआर ने किया वाघ का मुकाबला

एसएस राजामौली की फिल्म का दर्शकों का बेसब्री से इंतजार रहता। उनकी हर फिल्म में दमदार कहानी के साथ जबरदस्त एक्शन देखने को मिलता है। राम चरण और जूनियर एनटीआर की फिल्म 'आरआरआर' में कई ऐसे एक्शन सीन थे जिन्हें देखकर दर्शक सीटियां बजाने पर मजबूर हो गए। फिल्म के एक सीन में जूनियर एनटीआर वाघ से मुकाबला करते हैं। इस सीन में जिस तरह से जूनियर एनटीआर ने वाघ का सामना किया और उसे पस्त किया।



## खबर संक्षेप

### नगर पंचायत नवागढ़ के वार्ड-14 में बसपा की ललिता ने दर्ज की जीत



**नवागढ़।** नगर पंचायत नवागढ़ के वार्ड क्रमांक 14 में हुए उपचुनाव में सत्तारुढ़ भाजपा एवं कांग्रेस को पछाड़ते हुए बहुजन समाज की प्रत्याशी ललिता खूंटे ने जीत हासिल कर बसपा का परचम लहराया है। भाजपा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल एवं कांग्रेस विधायक ब्यास कश्यप दोनों अपने-अपने प्रत्याशियों को जिताने पूरी ताकत झोंक दी थी। अंततः बहुजन समाज पार्टी की प्रत्याशी ललिता खूंटे वार्ड-14 की पार्षद पद अपने नाम कर ली। बहुजन समाज पार्टी प्रत्याशी को कुल मत 108, कांग्रेस प्रत्याशी को 87 मत एवं भाजपा प्रत्याशी को 82 मत प्राप्त हुआ।

### पूर्व नेता प्रतिपक्ष चंदेल आज से क्षेत्र के दौरे पर

**जांजगीर-चांपा।** छ.ग. विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता नारायण चंदेल



शनिवार 12 अप्रैल से क्षेत्र व अंचल के दौरे पर रहेंगे तथा अनेक कार्यक्रमों में शामिल होंगे। श्री चंदेल 12 अप्रैल को प्रातः नहरिया बाबा मंदिर नैला, हनुमान मंदिर कुलीपोटा, चाम्पा नगर के हनुमान मंदिर, तुलसी वाटिका श्री बालाजी हनुमान मंदिर, दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर जांजगीर सहित अनेक स्थानों पर जाएंगे तथा पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख, शांति व समृद्धि की कामना करेंगे। तत्पश्चात वे मस्तुरी विधानसभा के मल्हार में आयोजित अभिनंदन समारोह एवं विद्यालय के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस कार्यक्रम में उपरांत श्री चंदेल पुनः जांजगीर आकर क्षेत्र व अंचल में आयोजित हनुमान जयंती के कार्यक्रम में शामिल होंगे। श्री चंदेल 13 अप्रैल को ग्राम सेमरा एवं शाम 4 बजे नवागढ़ में भाजपा द्वारा आयोजित सक्रिय सदस्यों के सम्मेलन एवं वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के सम्मान समारोह में शामिल होंगे।

### डभराखुर्द में अखंड रामायण पाठ का आयोजन



**बिर्रा।** ग्राम डभराखुर्द में श्री हनुमान प्राकट्य दिवस के अवसर पर दो दिवसीय हनुमान जन्मोत्सव मनाया जा रहा है। प्रथम दिवस पूजा-अर्चना कर 24 घंटे का अखंड रामायण पाठ शुरू हुआ। हनुमान जन्मोत्सव पर गांव और क्षेत्र की खुशहाली के लिए यज्ञ हवन का कार्यक्रम होगा। इस दौरान ग्रामवासी यज्ञ हवन में सहभागी होंगे। आयोजन को लेकर रघुनाथदास वैष्णव सपत्नीक, पुजेरी पुरूषोत्तम दास वैष्णव, नरोत्तम दास वैष्णव, खगेश्वर दास वैष्णव, अंकूर वैष्णव, सुदामा चंद्रा,टीभू चंद्रा, रामकृपाल पटेल, शिवनाथ पटेल, घनश्याम पटेल, कृष्णों लाल कश्यप, लखनलाल चंद्रा, मनहरण पटेल, महेंद्र कश्यप,साखीराम, रामेश्वर पटेल व ग्रामवासी जुटे हुए हैं। यज्ञ हवन पश्चात प्रसाद वितरण किया जाएगा।

### भोपाल में आयोजित ड्रॉप रो बॉल मेंस में प्रज्ञानंद ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**बिर्रा।** ऑल इंडियन यूनिवर्सिटी ड्रॉप रो बॉल मेंस का आयोजन मध्यप्रदेश के भोपाल शहर में किया गया।



इसमें जनपद पंचायत बम्हनीडीह के अंतर्गत ग्राम सिलादेही के प्रज्ञानंद डडसेना पिता मनीराम डडसेना ने लगातार दो बार ऑल इंडियन यूनिवर्सिटी ड्रॉप रो बॉल मेंस में भाग लिया और दोनों बार ही उसने विजय प्राप्त कर जिले और गांव का नाम रौशन भी किया है। यह प्रतियोगिता 6 से 9 अप्रैल तक आयोजित किया गया। प्रतियोगिता में प्रज्ञानंद डडसेना कलिंगा यूनिवर्सिटी का नेतृत्व कर रहा था। वह बैचलर ऑफ फिजिकल एजुकेशन के छात्र हैं। ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी मेंस में 36 यूनिवर्सिटी के करीब 400 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया।

### कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ शुरु



**जांजगीर-चांपा।** शहर के अग्रसेन भवन नैला में नामदेव परिवार द्वारा आयोजित संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ 9 अप्रैल को कलश यात्रा के साथ हुआ। कथा ब्यास आचार्य राजेन्द्र महाराज टेमर वाले द्वारा कथा का रसपान कराया जा रहा है। कलश यात्रा अग्रसेन भवन से निकलकर नैला शहर भ्रमण करते हुए कथा स्थल पहुंची। कथा स्थल पहुंचने के बाद सबसे पहले आचार्य द्वारा वेदी पूजन किया गया। उसके बाद भागवत का महात्म्य का वर्णन किया गया। यजमान के रूप में श्रीमती भारती - जयनंदन नामदेव हैं। आयोजक परिवार के मधु नामदेव व्याख्याता नैला ने सभी से कथा श्रवण करने की अपील की है।

तीन साल से हैंडपंप टैक्नीशियन गायब, शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं

# पानी के लिए मचा हाहाकार पांच हैंडपंप दो महीने से बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहेराडीह

बहेराडीह गांव में इस समय पानी के लिये हाहाकार मचा हुआ है। यहां पांच हैंडपंप विगत दो महीने से बंद पड़ा है। हैंडपंप का मरम्मत करने वाले पीएचई विभाग के हैंडपंप टेक्नीशियन भी करीब तीन साल से गायब है। इसकी शिकायत भी ग्रामीणों ने जनदर्शन में कलेक्टर से किया था, लेकिन अपने मूल कर्तब्य के प्रति लापरवाही बरतने वाले हैंडपंप टेक्नीशियन पर संबंधित विभाग के अधिकारी भी मेहरबान हैं।

गौरतलब है कि गर्मी बढ़ने के साथ जहां वाटर लेबल डाउन हो रहा है, वहीं अभी से ही हैण्डपंप व बोर जवाब देने लगे है। बलौदा ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत जाटा के आश्रित ग्राम बहेराडीह में विगत दो महीने से बंद पड़े हैंडपंप को चालू करने और ग्रामीणों हो रही पेयजल समस्या का सुध लेने वाला कोई नहीं है। वहीं ग्रामीणों को पेयजल आपूर्ति करने की जिम्मेदारी शासन ने पीएचई विभागको सौंपी है लेकिन विभाग के ही जवाबदार हैंडपंप टैक्नीशियन विगत तीन साल से गायब है। फिर भी ऐसे लापरवाही बरतने वाले हैंडपंप टेक्नीशियन पर ग्रामीणों के शिकायत के बाद भी अभयदान मिला हुआ है और शासन से बाकायदा वेतन ले रहे हैं। ऐसे लापरवाही बरतने वाले उक्त कर्मचारी पर कार्यवाही की मांग करते हुए गांव में नये हैंडपंप टेक्नीशियन की ब्यवस्था करने की मांग प्रशासन से किया है। यही हाल जाटा गांव की है जहां करीब दर्जन भर हैंडपंप खराब हो गई है। लोग पानी के लिए परेशान हैं। ग्रामीणों की इस गंभीर समस्या से संबंधित विभाग के अधिकारियों को कोई सरोकार नहीं है। इधर गांव के उपसरपंच जितेंद्र कुमार यादव का कहना है कि गांव में पेयजल समस्या से ग्रामीण जूझ रहे हैं। हैंडपंप टेक्नीशियन का पता नहीं है। सचिव हड़ताल पर चले गए हैं। नये स्थानापन्न सरपंच को प्रभार भी नहीं मिला है। इसलिए गांव का विकास रुका हुआ है।



बंद पड़ा हैण्डपंप।



### दिखावा साबित हो रहा पानी टंकी

जाटा और बहेराडीह में सालों पहले जल जीवन मिशन के योजना के तहत बनाई गई पानी टंकी सिर्फ दिखावा साबित हो रहा है। इस दिशा में बड़े बड़े विकास का दावा करने वाले जनप्रतिनिधियों की उदासीनता खुलकर सामने आई है। गुणवत्ताहीन पानी टंकी शुरुआत होने से पहले ही खंडहर होने लगी है। फिर भी घटिया निर्माण कार्य करने वाले संबंधित अधिकारियों पर कार्यवाही नहीं किया जाना तथा जनप्रतिनिधियों की मुंह से आवाज नहीं निकलना कई संदेह को दर्शाता है। बताया जाता है कि टंकी में पानी भरने चार साल के भीतर पांच जगह पर बोर खनन कराया गया है, लेकिन सभी बोर फेल हैं। गांव में प्रत्येक घरों में नल कनेक्शन और चबूतरों का निर्माण भी कराया गया है। इस गांव में जल स्रोत की स्थिति के बारे में संबंधित अधिकारियों ने कभी विचार ही नहीं किया और लाखों रुपए की लागत से पानी टंकी बनाकर पाइप बिछा दिए। ग्रामीणों का आरोप है कि यहाँ पर बिना पानी का स्रोत का पता लगाए गलत जगह पर पानी टंकी निर्माण कर दिया गया।

## हनुमान प्रगटोत्सव पर आज होगी विशेष पूजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

राम भक्त हनुमान के प्रगटोत्सव पर शनिवार 12 अप्रैल को हनुमान मंदिरों में विविध अनुष्ठान होंगे। मंदिरों में हवन पूजन और भोग भंडारा का आयोजन किया जाएगा।

हनुमान जन्मोत्सव के मौके पर शहर के सिद्ध नहरिया बाबा मंदिर, तुलसी वाटिका स्थित हनुमान मंदिर, कंट्रोल रुम के पास स्थित दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर सहित अन्य मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना की जाएगी। इसके बाद भंडारा प्रसाद का आयोजन होगा। कंट्रोल रुम के सामने स्थित श्री दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में शनिवार 12 अप्रैल को प्रातकाल 4 बजे हनुमानजी का विषेश पुजन, गंगा स्नान सेन्दुराभिषेक, महाआरती 12 बजे भोग अर्पण 3 बजे बजरंगबली कीर्तन मंडलीचदनियां पारा जांजगीर के द्वारा सामुहिक सुन्दर काण्ड का पाठ किया जाएगा। 3 बजे से ही हनुमान को खीर प्रसाद अर्पण कर वितरण किया जाएगा। शनिवार शाय 6:30 बजे सेन्दुराभिषेक 7:00 बजे हनुमान जी की महा आरती की जाएगी। मंदिर के पुजारी पं किरण कुमार मिश्रा ने बताया कि मंदिर का पट हनुमान जन्मोत्सव पर प्रातःकाल सें खुला रहेगा।

### तनौद में अखंड रामायण पाठ का होगा आयोजन

**तनौद।** ग्राम तनौद स्थित अंदोली तालाब सिद्ध हनुमान मंदिर में 12 अप्रैल शनिवार को श्री रामचंद्र के भक्त हनुमान का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। तनौद निवासी सोनाऊ राम एवं सिद्ध हनुमान मंदिर के पुजारी पवन महराज ने बताया कि मंदिर में शनिवार 12 अप्रैल को हनुमान जयंती के अवसर पर मंदिर में अखंड रामायण पाठ का आयोजन रखा गया है। सुन्दरकांड पाठ यह अखंड पाठ लगातार 24 घंटा चलेगा। हनुमान जी को रोठ प्रसाद भी चढ़ाया जाएगा।

### हनुमान जन्मोत्सव पर आज होंगे विविध आयोजन

**चांपा।** नगर में शनिवार 12 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव पर विविध आयोजन होंगे। इस दिन डोंगाघाट स्थित तपसी बाबा के हनुमान मंदिर में अभिषेक, महाआरती सहित भंडारा प्रसाद का आयोजन किया गया है। नंदजी काम्पलेक्स परिसर स्थित हनुमान मंदिर में भी अभिषेक, महाआरती के बाद भंडारा प्रसाद रखा गया है। शहर के परशुराम चौक के पास हनुमान मंदिर में श्री राम नवमीं महोत्सव आयोजन समिति द्वारा पूजा-अर्चना, आरती एवं भंडारा प्रसाद रखा गया है। इसी तरह ओम सिटी परिसर स्थित हनुमान मंदिर में शनिवार को शाम 4.30 बजे से सुंदरकांड, भजन के बाद शाम 7 बजे से आरती पश्चात भंडारा का आयोजन किया गया है।

### वार्ड 13 एवं 26 में आधुनिक सुविधाओं से युक्त मुक्तिधाम का होगा निर्माण



**चांपा।** नगर पालिका क्षेत्र में विकास कार्यों की कड़ी में एक और महत्वपूर्ण पहल की गई है। वार्ड क्रमांक 13 एवं वार्ड क्रमांक 26 में आदिवासी मुक्तिधाम निर्माण कार्य का भूमिपूजन नगर पालिका अध्यक्ष प्रदीप नामदेव ने किया। इस अवसर पर पालिका अध्यक्ष श्री नामदेव ने जानकारी देते हुए बताया कि वार्ड क्रमांक 13 में 13.65 लाख एवं वार्ड क्रमांक 26 में 13.76 लाख की लागत से आधुनिक सुविधाओं से युक्त मुक्तिधाम का निर्माण किया जाएगा। इसमें प्रतीक्षालय, बाउंड्रीवाल, बैठने हेतु चेयर सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं शामिल हैं, जिससे शोकाकुल परिजनों को बेहतर सुविधा मिल सके। भूमिपूजन समारोह में पार्षद संत सोनत, रामसिंह गौड़, संतोषी अनिल रात्रि, बजरंग कसेर, देवेश विश्वकर्मा, प्रमोद कुर्रे सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे।

## अक्षय तृतीया पर 27 बटुकों का होगा उपनयन संस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

ब्राह्मणों के कुल जनक भगवान परशुराम के जन्मोत्सव 30 अप्रैल एवं अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर ब्राह्मण नारी नवचेतना मंच जांजगीर द्वारा 27 बटुकों का उपनयन संस्कार अग्रसेन भवन नैला में आयोजित किया जाएगा। उपनयन संस्कार की तैयारी हेतु समिति की सदस्या अनुराधा शुक्ला के घर पर बैठक आयोजित की गई। उन्होंने बताया कि उपनयन की सम्पूर्ण तैयारी समिति द्वारा पुर्ण कर ली गयी है ।

- **ब्राह्मण नारी नवचेतना मंच जांजगीर के तत्वाधान में होगा आयोजन**

समिति की वरिष्ठ सदस्य जयश्री शर्मा एवं जयंती दुबे ने बताया कि 27 बटुकों का पंजीयन हो चुका है और अब पंजीयन की तिथी समाप्त हो चुकी है। पंजीकृत 27 बटुकों के परिजन से सुबह 7 बजे अग्रसेन भवन नैला पहुंचकर कार्यक्रम के सहभागी बनने का आग्रह किया है। उपनयन संस्कार के आचार्य पंडित राजकुमार मिश्रा होंगे।



बैठक में उपस्थित नारी नवचेतना मंच की पदाधिकारी एवं सदस्य।

गीता मिश्रा एवं नीलू शर्मा ने बताया कि परशुराम जन्मोत्सव एवं उपनयन संस्कार के उपरांत भगवान परशुराम जी एवं बटुकों की भव्य शोभायात्रा (पुलिस कंट्रोल रूम के सामने) से शाम 5 बजे प्रारंभ होकर परशुराम चौक नैला तक निकाली जाएगी। भगवान परशुराम जी की महाआरती के साथ सम्पन्न होगी।

उपनयन संस्कार में उपस्थित सभी बटुकों एवं विप्रजनों से शोभायात्रा में शामिल होने का आग्रह ब्राह्मण नारी नवचेतना मंच के सदस्यों ने किया है। किरण पाण्डेय एवं अनिता मिश्रा ने बताया कि सभी मांगलिक कार्य जैसे मुंडन , नहडोरी , गुरू मंत्र रजिस्ट्रेशन क्रमांक के हिसाब से ही किये जाएंगे। ब्राह्मण नारी नवचेतना मंच से वीना शर्मा,नीरा शर्मा, सीता पांडेय,जयश्री शर्मा, जयंती दुबे, गीता मिश्रा, आशा दुबे,निशा मिश्रा,नीलू शर्मा, अनिता मिश्रा, किरण पांडेय, किरण शुक्ला, अनुराधा शुक्ला, डॉक्टर मीनाक्षी शर्मा, विद्योत्तमा गौरहा, प्राची पांडेय, प्रियंवदा पांडेय,जूही गौरहा आयोजन की तैयारी में जुटे है।

### रामनामी महासभा बड़े भजन मेला के लिए भूमि पूजन

**मलखरौदा।** अखिल भारतीय रामनामी महासभा बड़े भजन मेला के लिए ग्राम जमगहन में भूमि पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। भूमि पूजन कार्यक्रम चंद्रपुर विधायक राम कुमार यादव के हाथों संपन्न हुआ। ग्राम जमगहन मालखरौदा में अखिल भारतीय रामनामी बड़े भजन मेला के भुमि पूजन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रामकुमार यादव विधायक चंद्रपुर एवं पूर्णिमा चंद्रप्रकाश खूंटे जिला पंचायत सदस्य, शांति ताराचंद साहू जिला पंचायत सदस्य, कीर्तन चंद्रा जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि, कवि वर्मा जनपद पंचायत अध्यक्ष, कुसुम जीतेन्द्र खूंटे सरपंच जमगहन, तारकेश्वर बरेठ सरपच मुक्ता, अयोध्या भारद्वाज, देवा लहरे, पुरषोत्तम साहू, भोजराम लहरे, कौशल रात्रे, सरपंच कृष्णा रात्रे नगर पंचयात अध्यक्ष प्रताप चंद्रा, उदय शंकर, अहिल्या भारद्वाज, भीष्म देव भारतीय युवा अध्यक्ष सतनामी समाज हेम कुमार एवं अन्य गण लोग उपस्थित थे।



भूमि पूजन करते विधायक रामकुमार यादव।


## रामलीला में शिव धनुष खंडन प्रसंग का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोधना

गोधना स्थित मिलन चौक पर चल रही रामलीला में बुधवार रात्रि को शिव धनुष खंडन प्रसंग का भव्य मंचन किया गया। जनकपुरी दरबार में जब भगवान श्रीराम ने विश्व प्रसिद्ध शिवधनुष को सहजता से उठाकर दो टुकड़ों में विभक्त किया, तो समस्त पंडाल 'जय श्रीराम' के उद्घोष से गूंज उठा। दर्शकों की जयघोषों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।

- **गोधना में चल रहे रामलीला में उमड़ी रही श्रद्धालुओं की भीड़**

इस प्रसंग का मंचन देखने के लिए आसपास के गांवों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु और रामभक्त पहुंचे। महिला श्रद्धालुओं के लिए विशेष बैठने की व्यवस्था की गई थी, वहीं बच्चों के मनोरंजन के लिए मेले का भी आयोजन किया गया था।



रामलीला का मंचन करते कलाकार।

रामलीला समिति के कलाकारों ने प्रसंग को बहुत सुंदर ढंग से प्रस्तुत किया। राम, लक्ष्मण, सीता, राजा जनक और गुरु विश्वामित्र की भूमिकाएं निभाने वाले कलाकारों ने अपने संवादों और भाव-भंगिमाओं से सभी को भावविभोर कर दिया। मंचन में दिखाया गया कि कैसे सीता ने बचपन से ही उस शिवधनुष को अपनी आंखों से देखा था, लेकिन उसे उठाने वाला कोई नहीं था। जब श्रीराम ने गुरु विश्वामित्र के आदेश पर धनुष को उठाया, तो जनकपुरी में आश्चर्य और रोमांच की लहर दौड़ गई। राम ने सहजता से धनुष को तोड़ा और स्वयंवर की घोषणा पूरी हुई।

## लीनेस क्लब ने एरिया मीट में निभाई सहभागिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सक्ती

ऑल इंडिया लीनेस क्लब्स डिस्ट्रिक्ट सी एम -1संपदा की एरिया आफिसर लीनेस आरती तिवारी द्वारा रायगढ़ के अंश होटल में एरिया 1की एरिया मीट आकाश का आयोजन किया गया जिसमें सक्ती क्लब के सभी पदाधिकारियों ने सहभागिता की।

- **अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष को उपहार देकर किया सम्मान**

सर्व प्रथम मंचस्थ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर सभा प्रारम्भ किया। एरिया आफिसर लीनेस आरती तिवारी ने अपने उद्बोधन में अपने एरिया के सभी 6क्लबो के सेवा व प्रशासनिक कार्यों को सराहा



उपस्थित लीनेस क्लब के पदाधिकारी।

और सभी के अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्षो को सम्मान कर उपहार दिया। डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट लीनेस अनीता कपूर ने स्कूलिंग की बहुत ही अच्छी अच्छी जानकारी दी। इस मीट में सक्ती क्लब अध्यक्ष लीनेस अल्का कंवर सचिव लीनेस भगवती देवांगन, कोषाध्यक्ष -पूनम साहू, डि.सह सचिव लीनेस अनीता सिंह चेयरपर्सन लीनेस रामकुंवर साहू, लीनेस शहनाज़ बानो, लीनेस ललिता साहू, लीनेस रीता राज, लीनेस विनिता जायसवाल उपास्थित थे।

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम

## तीन जिले के किसानों को मधुमक्खी पालन का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहेराडीह

बहेराडीह स्थित वरिष्ठ पत्रकार कुंजबिहारी साहू किसान स्कूल में सूक्ष्म,लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय भारत सरकार के खादी और ग्रामोद्योग आयोग तथा एमएसएमई प्रौद्योगिकी केंद्र के द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य के तीन जिले के 38 किसानों को मधुमक्खी पालन का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण उपरांत किसानों को मास्टर ट्रेनर एस एस ठाकुर व दीनदयाल यादव के मौजूदगी में किसान स्कूल के संरक्षक समाजसेवी डॉ सुरेश कुमार देवांगन द्वारा प्रमाण पत्र वितरण किया गया। किसान स्कूल के संचालक व छत्तीसगढ़ राज्य आरसेटी के कृषि क्षेत्र के ट्रेनर दीनदयाल यादव ने बताया कि खादी और ग्रामोद्योग आयोग, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय भारत सरकार एमएस एमई ने किसानों की मांग पर किसान स्कूल में दो चरण में 15 दिवसीय मधुमक्खी पालन का निःशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में स्थानीय जिले के किसानों के अलावा कोरबा और सक्ती जिले के 38 किसानों को शामिल किया गया। प्रशिक्षण उपरांत उन्हें प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। वहीं प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके किसानों को नाबार्ड के सहयोग से जगह का अवलोकन करने के पश्चात मधुमक्खी पालन हेतू पेटी व अन्य सामाग्री उपलब्ध कराए जाने के लिए प्लान तैयार किया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सक्ती जिले के पलाड़ीकला से पुष्पा साहू, कोरबा जिले के सुखरीखुर्द से कविता मरावी, उषा मन्नेवार,मालती, सिंधरामपुर से ओमती मन्नेवार,सोनम मन्नेवार,उमरेली से दिनेश कुमार अनंत,बम्हनीडीह ब्लॉक के परसापाली से सविता पटेल, बलौदा ब्लॉक के सिवनी गांव से रूखमणी पांडेय, गौरी नामदेव, नंदिनी नामदेव, हेमन्त कुमार देवांगन,पूरन लाल देवांगन, लष्मीन बरेठ, श्यामा बाई देवांगन, सविता कश्यप,कोसमन्दा से रेवती यादव, बहेराडीह से पुष्पा यादव, साधना यादव, कंचन कश्यप, रामकुमारी यादव, दीपिका यादव, दुर्गेश्वरी यादव, चन्द्रकला कश्यप, सुखबाई कश्यप, पिंटू कश्यप, नेहा कश्यप, उर्मिला यादव, शकुंतला यादव,रानी यादव, सरोजनी यादव, दीप्ति झरना कश्यप, दीपिका गोंड़, कमलेश्वरी कश्यप, पुष्पा कुमारी यादव, ललिता यादव, साधना यादव आदि शामिल हैं।



किसानों को प्रमाण पत्र देते संरक्षक सुरेश देवांगन।

